आज 16/4/2026

सीबीएसई में लड़कियों ने मारी बाजी

☐ दसवीं में 93.70 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण

रिजल्ट आने के बाद सर पद्मपत सिंहानिया स्कूल के बच्चे खुशी का इजहार करते हुए।

सीबीएसई में लड़कियों ने मारी ...

भारत के अन्य प्रमुख रीजन में लखनऊ ने 91.63 फीसदी, देहरादून ने 91.59 फीसदी, प्रयागराज ने 89.45 फीसदी और पंचकुला ने 92.24 फीसदी पास प्रतिशत हासिल किया। वहीं, लगभग 14.7 लाख उम्मीदवारों को कंपार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है, जिन्हें आगे सुधार का अवसर दिया जायेगा।

शहर के मेधावियों का शानदार ...

दसवीं के टर्म-1 के घोषित रिजल्ट में स्कोमिया एकेडमी हंसपुरम नौबस्ता के अनुज यादव ने 99.4 फीसदी अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अनुज यादव का सपना आईआईटी से इंजीनियरिंग करना है। वहीं सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर में दसवीं के रिजल्ट में अवनी मिश्रा ने 99.2 फीसदी अंक पाये। जबकि डीपीएस आजाद नगर की अविका अग्रवाल ने 99.1 फीसदी अंक हासिल कर स्कूल को गौरान्वित किया है। डीपीएस कल्याणपुर की चारू चौहान ने दसवीं के रिजल्ट में 98.4 फीसदी अंक हासिल कर मेधा का परचम लहराया है। दसवीं के रिजल्ट में पं दीन दयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय के सोहित ने 98.6 फीसदी अंक हासिल किये हैं। मेधा का बेहतरीन प्रदर्शन कर डीपीएस कल्याणपुर की वासवी काला ने 98.2 फीसदी अर्जित किये हैं। इस बार सीबीएसई दसवीं के टर्म वन का ओवर आल रिजल्ट 93.7 फीसदी रहा है। इसमें छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 94.99 तथा छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.69 रहा है। इस बार भी दसवीं में बेटियों ने बाजी मारी है। सीबीएसई कोआर्डिनेटर बलबिंदर ने सभी सफल मेधावियों को शुभकामनायें प्रेषित की हैं।